सार-समाचार

पीएम सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की कार्यशाला संपन्न

गंगापुर सिटी । कृषि उपज मण्डी समिति गंगापुर सिटी में प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की कार्यशाला मण्डी समिति के सभा कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें श्रीमती ममता गुप्ता, सचिव कृषि उपज मण्डी समिति, गंगापुर सिटी एवं योजना के एस.पी.एम.यू. टीम मैम्बर रिंकू गोयल एवं डी.आर.पी. पुरूषोत्तम जाट, अभिषेक गुप्ता, केशव कुमार ने उपस्थित कृषक, व्यापारीयों एवं उद्यम व्यापारीयों एवं उपस्थित व्यक्तियों को खाद्य इकाई लगाई जाने के लिये प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन किये जाने के बारे में एवं बैंक से ऋण लेने पर 35 प्रतिशत (अधिकतम 10.00 लाख रूपये) अनुदान दिये जाने की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न बैंकों के अधिकारीगण, व्यापार मण्डल अध्यक्ष गोविन्द प्रसाद गुप्ता, विष्णु कुमार गुप्ता सदस्य व्यापार मण्डल गंगापुर सिटी, हनुमान प्रसाद गुप्ता, सतोष कुमार गुप्ता इण्डस्ट्रीयल एरिया के सदस्यगण, विष्णु सिंघल व्यापारी पुरानी अनाज मण्डी गंगापुर सिटी, फल एवं सब्जी मण्डी के व्यापारीगण, मंडी समिति के कर्मचारी एवं कृषकों की उपस्थिति में खाद्य इकाई लगाने वालों के लिये एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस योजना का उद्देश्य खाद्य इकाईयों को बढावा देना है। इस योजना में नवीन इकाईयों की स्थापना व पुरानी खाद्य इकाईयों के विस्तार करने के लिये केन्द्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर कुल 35 प्रतिशत अनुदान देगी। खाद्य इकाईयों में आटा मिल, दाल मिल, प्रोसेसिंग यूनिट, दूध एवं खाद्य पदार्थो से संबंधित किसी भी प्रकार की इकाई लगाई जा सकेंगी।

विद्यार्थी पौधारोपण करते हुए, लगाए पांच हजार पौधे

गंगापुर सिटी। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल-डिबस्या में पौधारोपण अभियान चलाया गया। प्रिंसिपल भगवान सहाय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में स्टूडेंट्स, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। मीडिया प्रभारी पुखराज मीना ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल परिवार ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल परिसर, सडक किनारे, सार्वजनिक स्थानों और घरों में कुल 5 हजार पौधे लगाए गए। पौधारोपण प्रभारी कमलेश कुमार मीना के अनुसार विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इनमें नीम, पीपल, बरगद, खजूर, सागवान, शीशम, अशोक, जामुन, आम, तुलसी और नींबू शामिल हैं। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लिया। प्रिंसिपल गुप्ता ने कहा कि पौधे धरती का श्रृंगार हैं और पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक हैं। वे प्राणवायु देते हैं और वातावरण को शुद्ध करते हैं। उन्होंने बताया कि पौधे हानिकारक गैसों को अवशोषित कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाते हैं। पौधों के कारण ही धरती पर जीवन साकार हुआ है। बिना पौधों के धरती पर जीवन संभव नहीं है। पौधों से ही बारिश होती है।

लायंस क्लब गंगापुर सिटी करेगा सफाई सैनिकों का सम्मान

गंगापुर सिटी । केंद्र सरकार की ओर से जारी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की रिपोर्ट में गंगापुर सिटी नगर परिषद का संभाग में प्रथम स्थान आने पर एवं देशभर में 529 वीं रैंक एवं प्रदेश में 81 वां स्थान आने पर लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा सफाई सैनिकों का सम्मान किया जावेगा। अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बताया कि यह सम्मान सभापति शिवरतन अग्रवाल के दूरदर्शी विजन सभी नगर वासियों की सहयोग एवं स्वच्छता सैनिकों की शानदार मेहनत से मिल पाया है।

सुलभ शौचालय बनानें की मांग स्वीकृत होने पर सभापति का जताया आभार

गंगापुर सिटी। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विशम्भरदयाल सिंहल द्वारा पुरानी नगरपालिका के पास स्थित सार्वजनिक पेशाब घर के स्थान पर सुलभ शौचालय बनवानें हेतू नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल से मांग की जिस पर सभापति नें सुलभ शौचालय बनवानें की स्वीकृति प्रदान की है। सिंहल नें बताया कि शहर के बाजारों में कोई भी सुलभ शौचालय नही है। सुलभ शौचालय बन जाने से आम-जन व राहगीरों को राहत मिलेगी। सुलभ शौचालय बनानें की स्वीकृति देने पर सिंहल नें सभापति का आभार व्यक्त किया है।

कक्षाओं में मिला अंधेरा, मेन्यू के हिसाब से नहीं दिया जा रहा भोजन

गंगापुर सिटी । मच्छीपुरा स्थित देवनारायण बालिका आवासीय स्कूल में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। उनके साथ समिति के सदस्य रामकेश छंगा गुर्जर, कैलाश सरपंच हिंगोटिया, शेरसिंह ढाहय, प्रह्लाद और अन्य लोग मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान बैंसला ने छात्राओं के साथ भोजन किया। उन्होंने पाया कि स्कूल में निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है। कक्षाओं में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं थी। इससे छात्राओं को पढने में कठिनाई हो रही थी। स्कूल परिसर में साफ-सफाई की कमी थी। बैंसला ने प्रिंसिपल को स्पष्ट निर्देश दिए कि देवनारायण योजना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। स्कूल की सभी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। बैंसला ने उच्च अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर शैक्षणिक गतिविधियों और भवन संबंधी समस्याओं के जल्द समाधान का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत हैं। छात्राओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी चाहिए।

पदाधिकारियों ने की मुलाकात

सूरौठ, राज्य क्रीडा परिषद सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में डॉ नीरज के पवन शासन सचिव खेल एवं युवा मामलात राजस्थान सरकार जयपुर से, जिला शूटिंग वॉल संघ करौली के सचिव विश्राम मीना व पदाधिकारियों ने मुलाकात कर तहसील सूरौठ में खेल स्टेडियम बनाने, और ओपन जिम खुलवाने की मांग, इस पर नीरज के पवन शासन सचिन खेल एवं युवा मामलात जयपुर ने पूरा आश्वासन दिया और कहा की तहसील सूरोठ में खेल गतिविधिया होती रहती हैं खेल स्टेडियम बनता है तो गांवों में छुपी हुई प्रतिभाओं कि कोई कमी नही हैं,लेकिन उन्हें सुविधाओं का अभाव रहता है ओपन जिम खुली हैं तो युवाओं को जिम करने के लिए एक सुविधा मिलेगी ,विश्राम मीणा व वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि सूरौठ में राष्ट्रीय शूटिंग बॉलीबॉल डे नाईट प्रतियोगिता हर वर्ष होती है , यहां के खिलाडियों को अगर स्टेडियम की सुविधा मिलती है तो गांव में से प्रतिभाएं निकालकर आगे आईगी, जिससे हमारे देश का नाम रोशन होंगा , जिस पर इस अवसर पर शूटिंग बॉल संघ के सचिव विश्राम मीना ,संरक डॉ. घनश्याम शर्मा वेदप्रकाश शर्मा, राजेन्द्र तिवाडी , भाजपा युवा जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा , भूपेंद्र सिंह धुरसी, विक्रम मीना आदि मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में डीन पद पर नियुक्त हुए

भरतपुर (निस)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय में शिक्षा शास्त्र विषय का डीन का पद लंबे अरसे से रिक्त था उस पर राज्य सरकार द्वारा आनंद महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, भरतपुर के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह सिनसिनवार को नियुक्त किया गया है। डॉ. सिनसिनवार बोम सदस्य तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के भी डीन नियुक्त किए गए हैं साथ ही खेल बोर्ड में सदस्य भी नामित हुए हैं। इस बाबत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कार्यरत सहायक आचार्यों में खुशी का माहौल है क्योंकि शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत सहायक आचार्यों की समस्याओं को इसी क्षेत्र विशेष से जुड़ा व्यक्ति ही समझ सकता है। इस अवसर पर सहायक आचार्यों ने डॉ. सिनसिनवार के निवास स्थल पर जाकर उन्हें माल्यार्पण व साफ़ा बांधकर उनका स्वागत किया। इनमें धर्मवीर शर्मा, डॉ. मनोज कुमार स्वामी, डॉ. हरेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. समन्दर सिंह, विक्रम सिंह,आशा अठावाल, करुणा शर्मा, पूजा शर्मा व अन्य सहायक आचार्य भी मौजूद रहे। अन्त में डा. सुरेन्द्र सिंह सिनसिनवार ने सहायक आचार्यों का आभार व्यक्त किया।

भरतपुर उद्योगों पर टीटीजेड पाबंदियों के पुनः सर्वेक्षण की मांग उठी

भरतपुर (निस)। लघु उद्योग भारती प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक चंद्र मोहन गुप्ता को एमएसएमई डे के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में राजस्थान को ओडीओपी योजना में देश में तृतीय स्थान मिलने पर हार्दिक बधाई दी। प्रतिनिधियों ने उनके कार्य के प्रति समर्पण एवं जुझारूपन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतिनिधि मंडल ने जिले में लघु एवं मध्यम उद्योगों से संबंधित समस्याओं और उनके समाधान को लेकर गंभीर चर्चा की। जयपुर में आयोजित उद्योग विभाग की बैठक में संगठन के जयपुर प्रान्त कार्यकारणी सदस्य संजय चौधरी ने टीटीजेड (ताज ट्रेपेजियम ज़ोन) और एनसीआर क्षेत्र में लागू प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पाबंदियों के संदर्भ में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित उपस्थित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि टीटीजेड के कारण भरतपुर जिले के उद्योगों पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं, उन्होंने मांग की कि भरतपुर क्षेत्र की स्थिति का पुनः वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराया जाए जिससे यह स्पष्ट हो सके कि भरतपुर से ताजमहल को वास्तविक कितना प्रभाव पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, सुप्रीम कोर्ट में भरतपुर की पैरवी के लिए अधिवक्ता की नियुक्ति एवं ताज ट्रेपेजियम जोन प्राधिकरण में लघु उद्योग भारती को प्रतिनिधित्व देने की मांग भी उठाई गई।

भरतपुर राजघाट से लगभग 180 किमी तथा मथुरा 140 किमी की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद मथुरा को एनसीआर क्षेत्र में लागू प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रतिबंधों से छूट दी जाती है और भरतपुर पर कठोर प्रतिबंध लागू किए जाते हैं, जो न्यायसंगत नहीं है। जयपुर बैठक में उठाए गए मुद्दों पर मंत्रालय द्वारा जिला उद्योग केंद्र भरतपुर से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है, जिसकी पूर्ति करते हुए महाप्रबंधक द्वारा समुचित रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है।

प्रतिनिधि मंडल ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के शाखा प्रबंधक रामकेश मीणा से भी भेंट की। अध्यक्ष डॉ. प्रेम सिंह कुंतल ने सुझाव दिया कि कर्मचारियों को ईएसआईसी की सभी योजनाओं की जानकारी समय-समय पर दी जाए, जिससे वे अधिकाधिक लाभान्वित हो सकें।ईएसआई विभाग ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा ईएसआईसी पंजीकरण को लेकर उद्योगों को कई रियायतें दी जा रही हैं। उन्होंने उद्योग मालिकों, कर्मचारियों तथा ईएसआई अधिकारियों की सहभागिता से संयुक्त कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा, जिससे भ्रांतियाँ दूर की जा सकें और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। इसके साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने श्रम विभाग आयुक्त संकेत मोदी से भी मुलाकात की। श्रमिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने का अनुरोध किया गया। महामंत्री राहुल बंसल ने उद्योगों को मिल रहे नोटिसों के त्वरित समाधान हेतु आयुक्त से सकारात्मक हस्तक्षेप का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष डॉ. प्रेम सिंह कुंतल, जयपुर प्रान्त कार्यकारणी सदस्य संजय चौधरी, महामंत्री राहुल बंसल एवं कोषाध्यक्ष मनीष अठावाल शामिल रहे।

लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स ने 101पेड़ लगाकर किया प्रकृति का श्रृंगार

भरतपुर (निस)। सामाजिक सेवा सरोकार के क्षेत्र मे कार्यरत संस्था लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स ने अपने वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रथम चरण मे 101 पौधों से वृक्षारोपण कर किया शुभारम्भ।

क्लब सचिव रमेश चंद वर्मा ने बताया कि प्रांत की गतिविधियों के अनुसार क्लब द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमे इस वर्ष के प्रथम चरण मे क्लब द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बछामदी (नोह) मे नीम, पीपल, बरगद, आंवला, बेलपत्र, जामून, कदम, अर्जुन आदि के पौधे लगाए गये और पास ही स्तिथ मंदिर प्रांगण मे बेलपत्र व अमरुद के पौधे लगाए गये। विद्धालय प्रांगण मे गाँव के सरपंच, ठामीण, विद्धालय प्रधानाद्यापक, स्टॉफ व बच्चों के सहयोग से क्लब संरक्षक विनोद सिंघल, जोन चेयरपेर्सन मंजू गुप्ता अध्यक्ष ब्रजमोहन गुप्ता, सचिव रमेश चंद वर्मा, सयुक्त सचिव जयकिशन चाहर, डायरेक्टर मानव गर्ग, टेमर संजय चौधरी, भंवर सिंह सागर, संजय खंडेलवाल, सरिता सिंघल, सुनयना गर्ग, कविता वर्मा, कविता सिंह, वर्षा खंडेलवाल आदि ने वृक्षारोपण किया।

क्लब संरक्षक विनोद सिंघल के अनुसार संस्था प्रधान व सरपंच बछामदी ने ठामीणों व स्टॉफ के साथ सभी क्लब के सदस्यों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया एव विद्यालय के निर्धन् व अनाथ बच्चों के लिए सहयोग के लिए अपील की। क्लब द्वारा सभी जरूरतमंद बच्चों के लिए आवश्यक सामठी किताब कॉपी, पेन पेन्सिल, कपड़े, जूते आदि देने का वादा किया गया। विद्धालय प्रधानाध्यापक डा अशोक व स्टॉफ द्वारा सराहनीय सहयोग करने के लिए क्लब सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा सभी का पटका पहनाकर सम्मान किया गया।

उदयपुर ने जयपुर को 15-6 से हराया

हिंडौन सिटी (का स)। नवोदय विद्यालय समिति जयपुर संभाग के तत्वाधान में आयोजित रीजनल स्तरीय खो- खो छात्र वर्ग प्रतियोगिता में शुक्रवार को पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जटनगला के खेल मैदान पर मुकाबले आयोजित हुए। कोर्डिनेटर व वरिष्ठ फिजिकल टीचर बाबूलाल मीणा व मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित हुए लीग मुकाबलो से पूर्व प्राचार्य मनोज कुलश्रेष्ठ, कोऑर्डिनेटर बी एल मीणा , ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अनुशासन में रहकर खेल को खेलने की नसीहत दी शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षक भगत सिंह बेनीवाल , नेहाल सिंह धाकड़ निर्णायक रहे।मैदान की व्यवस्था फिजिकल टीचर मानवी शर्मा व हीरा बहादुर ने की ।

सार-समाचार

हरित राजस्थान का संदेश

सूरौठ, राजस्थान ठामीण बैंक शाखा सूरौठ प्रबंधक नीकेश कुमार शर्मा एवं बैंक के एफएलसी सुरेश सेहरा के द्वारा बाईजट्ट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान की उपस्थिति में बरगद, नीम, करंज, अशोक, पीपल, एवं कदम्ब जैसे छायादार पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया साथ ही बैंक ने हरित राजस्थान की थीम जहां हरियाली होती है, वहां खुशहाली होती हैं,का संदेश ठामीण एवं विद्यार्थियों को दिया गया इसी के साथ प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान एवं शाखा प्रबंधक शर्मा की अध्यक्षता में विद्यार्थियों के मध्य वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें डिजिटल बैंकिंग सेवाएं, साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट म्यूल मनी के साथ ही बैंक की अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई इस मौके पर मुद्रा रथ सारथी बहादुर सिंह व्याख्याता ,पालन सिंह वरिष्ठ अध्यापक, बने सिंह, मुकेश भागौड ,तथा ठामीण जयराम रावत ,दिलीप सिंह ,शिव कुमार ,धारा सिंह, एवं ठामीण उपस्थित है।

कार्यकर्ताओं ने टोंक सवाई माधोपुर सांसद से मुलाकात की

सूरौठ । टोंक सवाई माधोपुर सांसद हरीशचंद्र मीना से जिला कांठोस कमेटी अध्यक्ष शिवराज मीना भुकरावली के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों ने कि मुलाकात और संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श किया, सांसद मीना ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि कांठोस की रीति नीति और भाजपा सरकार की निरंकुशता को गांव गांव, घर घर जाकर बताने की आवश्यकता है, इस अवसर पर जिला कांठोस कमेटी करौली उपाध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी, रामचरण मीना गुड्डू, सेवक राम डांगुर, पी सी सी सदस्य घनश्याम इरनिया,महिला कांठोस जिलाध्यक्ष सरदो गुर्जर, हरगुण भोपुर, युवा कांठोस के दान सिंह खेडीया, वरिष्ठ कांठोसी बत्तू मैम्बर सूरौठ पिंटू लहचोडा आदि उपस्थित रहे।

लॉयन्स क्लब जोन एडवाईजरी की मीटिंग 20 जुलाई को

गंगापुर सिटी । लॉयन्स क्लब इन्टरनेशनल के प्रान्त 3233 ई-1 के प्रान्तपाल लॉयन सुधीर वाजपेयी के निर्देशानुसार 20 जुलाई रविवार की सांय 7 बजें भगवती पैलेस में जोन एडवाइजरी मीटिंग रखी गई है। उक्त जानकारी रीजन 11 के जोन प्रथम के जोन चैयरपर्सन लॉयन डॉ. निर्मल शर्मा नें बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथी एरिया लीडर लॉयन दिनेश सिंहल पत्रकार एवं विशिष्ठ अतिथी लॉयन शिवरतन अग्रवाल होगे। कार्यक्रम में रीजन चैयरपर्सन, जोन चैयरपर्सन, रीजन के समस्त पदाधिकारी एवं लॉयन्स क्लब गंगापुर सिटी के सदस्य उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम में सभी जोन चैयरमेनो से उनके क्लब द्वारा की जा रही सेंवा गतिविधियों की जानकारी ली जायेगी।

जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

भरतपुर (निस)। भरतपुर जिला कैमिस्ट एसोसियेशन भरतपुर का प्रतिनिधि मण्डल जगदीश गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्थान कैमिस्ट एलायंस के आव्हान पर जिला कलक्टर भरतपुर से मिला। जिसमें आरजीएचएस योजना के अंतर्गत खुदरा विक्रेताओं के लम्बित भुगतान के संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर भरतपुर को जन सुनवाई में दिया गया और लम्बित भुगतान को शीघ्र करवाने का आठाह किया गया।

मां बिजासन इंदरगढ देवी दरबार में 31 जुलाई को होगी विशाल भजन संध्या

गंगापुर सिटी । मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में मां इंदरगढ दरबार जिला बूंदी में विशाल लहरिया महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। समिति महामंत्री ने बताया कि 1 अगस्त शुक्रवार को 111 मीटर लंबा विशाल लहरिया माता रानी को ढोल नगाडो के साथ चढाया जायेगा। समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग ने बताया की 31 जुलाई गुरुवार को कर्मचारी कॉलोनी स्थित गौरव मैरिज होम के सामने से सैकडो भक्त शाम 5 बजे इंदरगढ माता के भवन के लिए बसों द्वारा रवाना होंगे।

31 जुलाई गुरुवार को शाम 9 बजे से करौली वालों की धर्मशाला इंदरगढ में विशाल भगवती जागरण का आयोजन सुप्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा रखा है। लहरिया महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने वाले भक्तगण शीघ्र अपना पंजीयन करा लेवे। समिति महामंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि 1 अगस्त शुक्रवार प्रात 6 बजे सभी भक्त ध्वजा के साथ माता रानी का 111 मीटर लंबा लहरिया हाथों में लेकर माता रानी के जयकारे लगाते हुए ढोल नगाडे और गाजे बाजै के साथ माता रानी के दरबार के लिए रवाना होंगे। बिजासन माता को भोग प्रसादी लगाकर परिवार और देश की खुशहाली की कामना के साथ कन्याओं को भोजन कराकर करौली धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन किया जावेगा।

118वें स्थापना दिवस पर मण्डी परिसर में लगा चिल्लर प्लांट,

गंगापुर सिटी । नवीन अनाज मण्डी परिसर में बैंक ऑफ बडौदा 118 वें स्थापना दिवस पर बैंक की उदेई मोड शाखा के सोजन्य से व्यापारियों, किसानों व पल्लेदारों के लिए पेयजल व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चिलर प्लांट की सौगात दी है। बैंक ऑफ बडौदा उदेईमोड शाखा के प्रबंधक जनक लाल ने बताया कि बैंक ऑफ बडोदा अपनी 118वें स्थापना दिवस पर विभिन्न सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए अलग-अलग क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार सामाजिक सहयोग प्रदान कर रही है। इस कडी में बडौदा बैंक ने कई विद्यालयों में निशुल्क पाठ्य पुस्तक, स्टेशनरी का सामान भी बच्चों को प्रदान किए हैं। इसी सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए बैंक ऑफ बडौदा उदेई मोड की शाखा ने नवीन अनाज मंडी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए मंडी सचिव ममता गुप्ता से वार्ता कर मंडी के व्यापारियों किसानो और पल्लेदारों के लिए चिलर प्लांट लगाने का निर्णय लिया। शुक्रवार को नवीन अनाज मंडी प्रांगण में बैंक ऑफ बडौदा उदेईमोड के शाखा प्रबंधक जनक लाल, सवाई माधोपुर बैंक ऑफ बडौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल जैन, डीआरएम विकास नारंग, मण्डी सचिव ममता गुप्ता, व्यापार मण्डल अध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने चिल्लर प्लांट का फीता काट कर शुभारम्भ किया।

पश्चिम मध्य रेल

सिग्नल एवं दूर संचार विभाग

निविदा सूचना – दिनांक 16.07.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं. एवं दू.सं. इंजी(सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यों tender No/ Kota /SNT/SIG/2025/25/E124, KOta/S&T / SIG/2024/20/R2 के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जावेगा। **टेंडर सं.–** कोटा/एसएण्डटी/सिंग/2025/25 E124 , **कार्य का नाम–** एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन विथ रिप्लेसमेंट ऑफ एक्सिसटिंग 1:8:5 स्विच्स इनटू 1:12 एट बयाना यार्ड। एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन विथ रिफिक्लेशन ऑफ फोसर्ड लेआउट ऑफ एक्स–ऑवर नं. 153–157 एट बयाना यार्ड। एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन विथ ले आउट करेक्शन एट केशोरायपाटन यार्ड। **कार्य की अनुमानित लागत–** रू. 6739123.93/–, **बयाना राशि–** रू. 134800/–, **तारीख एवं समय–** दिनांक 11.08.2025 को 15:00 बजे तक, **टेण्डर सं.–** कोटा/एसएण्डटी/ सिंग /2024/20/R2 /सिंग, **कार्य का नाम–** रिप्लेसमेन्ट ऑफ इन्टेग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम बेसड् आन कोडल लाइफ इन कोटा डिविजन (11 स्टेशनस एंड 14 आईबीएच). **कार्य की अनुमानित लागत–** रू. 2,82,97,425.56/–, **बयाना राशि रू. –** 2,91,500/–, **तारीख एवं समय–** दिनांक 14.08.2025 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा।।। डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई –निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदा एंड GSTIN रजिस्टर होना चाहिए। (हस्ता.)

वरि.मं.सं.एंव दू.सं.इंजी (समन्वय), पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

किसान महा पंचायत की बैठक हुई सम्पन्न

सूरौठ, अखिल भारतीय किसान महा पंचायत की जिला कार्यकारिणी की बैठक आज शुक्रवार को महाराजा सूरजमल उच्च माध्यमिक विद्यालय जटनगला,तहसील सूरौठ के प्रांगण में आयोजित हुई। किसान महा पंचायत के जिला अध्यक्ष भरत सिंह डागुर की अध्यक्षता में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में सभी सदस्यों के साथ किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई,किसान महा पंचायत के जिला महा मंत्री वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि बैठक में किसान महा पंचायत के सदस्यता अभियान, किसानों की समस्याओं को लेकर गांव गांव जाकर संपर्क करने की आवश्यकता बल दिया, महा पंचायत के संरक्षक पूरनमल जाटव एवं विजय सिंह डागुर ने बताया कि बैठक में लिए गए।

डॉ अश्विनी गौतम का चिकित्सा अधिकारी बनने पर सम्मान

सवाईमाधोपुर। जयपुर में श्री वामन हाइट्स में जिला गौतमाश्रम ट्रस्ट एवं विजेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष वैद्य नाथूलाल जी की सुपोत्री डॉ अश्विनी गौतम के राजकीय सेवा में चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति होने पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने स्वागत किया। स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि डा. राजानंद जी शास्त्री अध्यक्ष श्री राम लला सेवा समिति अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। समारोह में विशिष्ठ अतिथि महर्षि गौतम समाज सेवा समिति खुर्रा के अध्यक्ष श्री प्रेम शंकर गौतम, दोसा जिला गोतम समाज के संयोजक श्री हरिनारायण शर्मा

महर्षि गौतम समाज सेवा समिति टोंक रोड जयपुर के अध्यक्ष भानू प्रकाश गौतम एवं शैक्षिणक परमार्थ ट्रस्ट के सदस्य श्री राधे श्याम जी रहे। महर्षि गौतम की पूजा अर्चना एवं अतिथियों के स्वागत के बाद स्वागत समारोह विधिवत प्रारंभ हुआ।

डॉ अश्विनी गौतम के सीनीयर सैकंडरी विधालय के संस्थापक ललित शर्मा ने अपने उद्बोधन में डा अश्विनी के प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली होने एवं उनके संस्थान के नाम रोशन करने पर डॉ अश्विनी को आशीर्वाद प्रदान किया। महर्षि गौतम समाज सेवा समिति खुर्रा के मंत्री मुकेश गोतम ने भी गौतमा श्रम खुर्रा की ऐवं जिला गौतम समाज दौसा व महर्षि गौतम समाज सेवा समिति टोंक रोड कीओर से सभी आगन्तुको का स्वागत किया गया। श्री राम लला सेवा समिति अयोध्या के अध्यक्ष डॉ राजानंद जी शास्त्री ने डा अश्विनी के परिजनों का एवं डॉ अश्विनी का शाल , दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया व 11000/ का नकद पुरस्कार दिया एवं समस्त समाज जनों को डा अश्विनी से प्रेरणा लेकर अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा हेतु प्रेरित किया। श्री राम लला सेवा समिति द्वारा डॉ अश्विनी गौतम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महर्षि गौतम समाज सेवा समिति के मंत्री डॉ विजय प्रकाश गौतम ने समारोह का संचालन किया समारोह के अंत में वैद्य नाथूलाल, उमाशंकर गौतम ने आगंतुक का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनसुनवाई, जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति बैठक आयोजित

सवाई माधोपुर, । जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में हुआ।

■ **वियियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े मुख्य सचिव एवं जिला प्रभारी ने दिए परिवादों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश**

जनसुनवाई के दौरान भूमि रूपांतरण, नाले की सफाई, विद्युत तार दुरुस्तीकरण, सेठीगेशन जमाबंदी त्रुटी सही करने, खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान करवाने, सिवायचक भूमि से रास्ता चाहने, अतिक्रमण हटवाने, हाउसिंग बोर्ड में अमृत जल परियोजना की लाईन जुड़वाने, घरेलु/कृषि विद्युत कनेक्शन करवाने, छारोदा में सड़क व नाली निर्माण में अनियमितता करने, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, पट्टा बनवाने, आधार कार्ड में त्रुटी सही करवाने, पीएम आवास का लाभ दिलवाने, रोजगार दिलाने, विद्युत पोल शिफ्ट करवाने, अवैध नल कनेक्शन हटवाने, स्वच्छता, पेयजल कनेक्शन सहित करीब 100 प्रकरण प्राप्त हुए। सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण पारदर्शी, संवेदनशील एवं जनभावनाओं के अनुरूप करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा भी की गई।

जिला कलक्टर ने विशेष रूप से अतिक्रमण हटाने एवं रास्तों को खोलने से जुड़े प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए सभी उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों, नगर परिषद आयुक्तों को निर्देश दिए कि वे पटवारियों तथा अधीनस्थों से मौके की रिपोर्ट लेकर स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। इसके लिए पुलिस बल की सहायता उपलब्ध करवाने तथा निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर संबंधित अधिकारी की